Asthal Bohar, Rohtak-124021
NH-10, NCR, Haryana (India)

BMU IN NEWS
BABA MASTNATH UNIVERSITY

12 March, 202
Saturda
Page No.

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

बाबा मस्तनाथ के जयकारों के साथ मेला संपन्न, श्रद्धालुओं ने माथा टेक मांगी मन्नतें

दंगल में 1 लाख 51 हजार की 3 कुश्ती करवाई, जिसमें दो कुश्ती बराबर रही। तीसरी में भोला कासनी ने 1 लाख 11 हजार की कुश्ती जीती।

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

बाबा मस्तनाथ की स्मृति में मठ परिसर में आयोजित तीन दिवसीय मेले के अंतिम दिन शुक्रवार को काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और माथा टेका। सुबह से ही मठ में बाबा के समाधि स्थल के दर्शनों के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही। केंद्रीय सूचना और प्रसारण, और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने भी मेले में शिरकत की। दूर दराज से आए नेताओं ने माथा टेक विश्व शांति के लिए दुआ मांगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल परिवारवाद से घिरे हुए हैं, जिनको चार राज्यों ने सबक सिखाया है। इसी से पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता कितनी अधिक है। लोगों ने उनकी नीतियों का समर्थन किया है। उन्होंने कुश्ती दंगल में पहलवानों का हाथ मिलवाकर शुरुआत करवाई। दंगल में 1 लाख 51 हजार की 3 कुश्ती करवाई, जिसमें दो कुश्ती बराबर रही। तीसरी में भोला कासनी ने 1 लाख 11 हजार की कुश्ती जीती और हारने वाले काला सिसाना को भी 40 हजार का इनाम दिया गया। उमेश और मोनू व अजय गुर्जर और तराना के बीच हुई कुश्ती बराबर रही। कैबिनेट मंत्री अनुराग ठाकुर ने भोला कासनी को इनाम देकर सम्मानित किया। वहीं बाबा मस्तनाथ मठ में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक भी पहुंची।



महंत बालकनाथ योगी ने श्रद्धालुओं को दिया आशीर्वाद

समाधि स्थल पर सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने कमल कंबल व प्रसाद चढ़ाकर मनवांछे मांगी। महंत बालक नाथ योगी सुबह 11 बजे गद्दी पर विराजमान हुए और दोपहर दो बजे तक श्रद्धालुओं को दिव्य दर्शन दिए। लाम के समय महंत बालक नाथ योगी छह बजे गद्दी पर विराजमान हुए और रात नौ बजे तक श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

मेले का लुत्फ उठाया: श्रद्धालुओं ने माथा टेकने के बाद खरीददारी की और झूलों का आनंद लिया। श्रद्धालुओं ने लंगर में लड्डू, बालूशाही, जलेबी, पूरी और आलू की सब्जी का आनंद लिया। विभिन्न बैंड ने नागा साधुओं को नाचने पर मजबूर कर किया और साधुओं ने जमकर नृत्य किया। बाबा मस्तनाथ मठ 8वीं शताब्दी से राष्ट्र प्रेम आराधना का संदेश देता आ रहा है। मठ से जुड़े संतो ने स्वतंत्रता संग्राम हो या सामाजिक सरोकार, धर्म हो या स्वास्थ्य सेवा का क्षेत्र हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए मठ के ब्रह्मलीन महंत योगी चांद नाथ का विशेष योगदान रहा है।

ये मौजूद रहे: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, अरविंद शर्मा सांसद, सुनीता दुग्गल सांसद सिरसा, राजेश दुग्गल एसपी, नरेंद्र बीवड़ सांसद झुंझुनू, मनीष यादव पूर्व मंत्री, विवेक राव, ईश्वर सिंह यादव पूर्व प्रधान मुंडावर, बीबी बत्रा विधायक, पार्षद मुंडावर, बलवान सिंह यादव जिला अध्यक्ष अलवर उत्तर, जयराम जाटव पूर्व एमएलए अलवर ग्रामीण, महेंद्र यादव पूर्व पार्षद अलवर, मेघा भूषण एसएचओ रोहतक, डॉ. दिनेश यादव तौरावल, रमेश सीह कठूमर अलवर, रामनिवास थानेदार थानगाजी करनाल, अध्यक्ष बाबा खेतानाथ गोशाला मुंडावर, सुखवंत सिंह भाजपा प्रत्याशी रामगढ़, सीमा त्रिखा विधायक खड़खल फरीदाबाद, सतीश वत्स डॉयरेक्टर आकाशवाणी रोहतक, रणधीर सिंह कपड़ीवास, भाजपा नेता सतीश बांदल आदि मौजूद रहे।

दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव पेच

दैनिक भास्कर

अस्थल बोहर मठ के वार्षिक मेले का समापन, 1 लाख से ज्यादा भक्तों ने समाधि पर मात्था टेक मांगी मन्नतें

बाबा मस्तनाथ के समय की स्वर्ण वाली पीर ड्रेस में विराजमान योगी बालकनाथ के दर्शनों के लिए लगी होड़

भास्कर न्यूज़ | रोहतक

फाल्गुन नवमी शुक्रवार को बाबा मस्तनाथ के समय की स्वर्ण वाली पीर ड्रेस में योगी बालकनाथ विराजमान हुए। सूचना मिलते ही भक्तों में उनका दर्शन पाने की होड़ मच गई। तीन दिवसीय वार्षिक मेले के अंतिम दिन 1 लाख रुपए ऊपर जुटे श्रद्धालुओं का दिनभर योगीराज बाबा मस्तनाथ की समाधि, धूना और अखंड ज्योति के दर्शन व पूजन का सिलसिला चला। परंपरा के अनुसार मठ पहुंचने वालों ने गुड़ और कंबल की भेंट चढ़ाई और सर्व मंगल की कामना की। सुबह से ही चल रहे लंगर में सबने प्रसाद ग्रहण किया। बैंड बाजों की मधुर ध्वनि के बीच नागा तपस्वियों ने नृत्य कर अपने गुरु के प्रति समर्पण जाहिर किया। समाधि स्थल पर महंत योगी बालकनाथ ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। समाधि स्थल पर दर्शन के लिए सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी। योगी बालक नाथ सुबह

मस्तनाथ मठ में गद्दी पर बैठे महंत बाबा बालक नाथ।

अस्थल बोहर मठ में धूनी रमाए नागा तपस्वी : इधर अस्थल बोहर मठ में तीसरे दिवस भी नागा तपस्वी ध्यान, तपस्या में मगन रहे। मठ में आने वाले भक्तों के लिए बिखरी जटा लटकाएं व शरीर पर भभूत रमाए उनकी छवि कौतुहल का विषय रही। दिनभर इन तपस्वी बाबाओं को देखने और उनका आशीष पाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ती रही।

रोहतक.बाबा मस्तनाथ मठ के मेले में पहुंचे केंद्रीय केबिनेट मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर महंत बाबा बालक नाथ से मिलकर जीत की खुशी मनाते हुए।

महंत एक ही दिन धारण करते हैं पीर ड्रेस : पीर ड्रेस पहनने की नाथ संप्रदाय की अपनी परंपरा है। इसे मात्र फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की नवमी के ही दिन अस्थल बोहर मठ के गद्दीनसीन धारण करते हैं। वर्तमान में इस पीर ड्रेस को महंत योगी बालकनाथ ने धारण किया।

खेलों के क्षेत्र में हरियाणा अग्रणी राज्य, खिलाड़ियों ने बढ़ाया तिरंगे का सम्मान : अनुराग ठाकुर

रोहतक | केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि हरियाणा खेलों में अग्रणी राज्य है। यहां के खिलाड़ियों ने तिरंगे का सम्मान बढ़ाया है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स हरियाणा में आयोजित किए जाएंगे। वे अस्थल बोहर

11 लाख रुपए की अनुदान राशि की घोषणा : सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने बाबा मस्तनाथ मठ को 11 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर हरियाणा ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, बाबा मस्तनाथ मठ के महंत एवं सांसद बाबा बालकनाथ, राजकुमार कपूर, पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश